तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं को किया प्रेरित, प्रक्रिया की दी ...



10 मैत्रीबाग में यादगार होगी फूलों की बारात संडे के ...



# पुलिस व अग्निवीर में भर्ती के लिए शारीरिक व लिखित परीक्षा के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पुलिस ने एक अच्छी पहल करते हुए युवाओं को पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक और बौद्धिक तौर पर मजबूत करने का बीड़ा उठाया है। बेमेतरा पुलिस युवाओं को जिला पुलिस बल एवं भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर में भर्ती होने के लिए शारीरिक और लिखित परीक्षा के लिए प्रशिक्षण की आज शुरूआत की है। जहां युवा रोज सुबह से ही पसीने बहायेंगे। ताकि क्षेत्र के युवा पुलिस एवं अग्निवीर सेना में भर्ती होकर अपने माता पिता और जिले का नाम रोशन कर सकें। बेमेतरा पुलिस प्रशासन ने आज से अभिनव पहल उड़ान शुरू की है। छत्तीसगढ़ में पुलिस में भर्ती और भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर की भर्ती के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी हैं, उन्हें निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा की मुख्य आतिथ्य में गुरुवार इसका शुभारंभ हुआ। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशासन खास कर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता का यह प्रयास सराहनीय और प्रशंसनीय है। उन्होंने इसके लिए उन्हें और पुलिस प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि इस अभिनव पहल उड़ान से खास कर ग्रामीण क्षेत्र के उन युवा-युवतियों के लिये उपयोगी होगा जो आर्थिक तंगी के कारण योग्य होते हुए सही प्रशिक्षण नहीं मिलने के कारण ऐसी परीक्षाओं से चूक जाते हैं। उन्होंने कहा कि योग्य पुलिस अधिकारियों और विषय विशेषयों के द्वारा ऐसे अभ्यर्थी परीक्षाओं में शामिल होने के तौर तरीके बारीकी से ▸▸| शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर शर्मा ने पुलिस की अभिनव पहल उड़ान का किया शुभारंभ



### प्रशिक्षण में बताई जा रही बातों को अमल में लाएं : भावना

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने इस अभिनव पहल पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा लिखित परीक्षा व शारीरिक दक्षता परीक्षा निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी। ताकि बेमेतरा जिले से अधिक से अधिक युवाओं का पुलिस एवं भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर की भर्ती में चयन हो सके। उन्होंने अभ्यर्थियों से पूरी लगन और मेहनत के साथ तैयारी और प्रशिक्षण में बतायी गयी बातों पर अमल करने कहा। ताकि सकारात्मक परिणाम आ सके। इस निःशुल्क प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एसडीएम बेमेतरा सुरूचि सिंह, डीएसपी, कमल नारायण शर्मा, राजेश कुमार झा, कौशल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी, बृजकिशोर यादवव, निरीक्षण अजय कुमार सिन्हा, उप निरीक्षक योगेश अग्रवाल, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या युवक-युवति अभ्यर्थी उपस्थित थे।

### प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक प्रशिक्षण

शुरुआत में एसडीओपी मनोज तिर्की ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक( चार घंटे) का होगा। पहले 6 बजे से शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण यथा दौड़, लंबी कूद, शाट पुट की सही तकनीक की जानकारी तथा तकनीकी अभ्यास और उसके बाद लिखित परीक्षा में आने वाले सवालों आदि के बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयारी करायी जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर मोटिवेशन क्लास भी ली जायेगी। आभार प्रदर्शन एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल ने किया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने स्मृति चिन्ह भेट किया।

## खबर संक्षेप



### मानसिक रोगी महिला को अस्पताल पहुंचाया

**बेमेतरा।** पीएलवी पंकज घृतलहरे एवं टुवेन्द्र वर्मा ने सखी वन स्टाप सेंटर महिला एवं बाल विकास विभाग की केस वर्कर सरिता शर्मा एवं महिला सैनिक प्रमिला साहू के साथ मिलकर महिला मानसिक रोगी को रेस्क्यू किया गया। बेमेतरा में नगरवासियों द्वारा जानकारी दिये जाने पर 55 वर्षीय महिला जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, के पास जाकर, उससे मिलकर बात-चीत करने के उपरांत उसे रेस्क्यू कर जिला अस्पताल बेमेतरा में प्राथिमक उपचार के लिए लाया गया। प्राथमिक उपचार में महिला प्रथम दृष्टया मानसिक रोगी होना दर्शित हुई। पीएलवी पंकज घृतलहरे एवं टुवेन्द्र वर्मा ने केस वर्कर सरिता शर्मा के साथ मिलकर उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय लाए और वहां से महिला मानसिक रोगी के परिजनों का पता चला। नहीं मिलने के बाद उसे अग्रिम उचित चिकित्सकीय ईलाज के लिए मानसिक चिकित्सालय सेन्दरी बिलासपुर प्रेषित किये जाने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा से रिफरल आदेश प्राप्त कर महिला मानसिक रोगी को मानसिक चिकित्सालय सेंदरी, बिलासपुर प्रेषित किया गया।

### स्कूल बस फिटनेस जांच व चालक-परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण 4 को

**बेमेतरा।** यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी के दिशा निर्देशानुसार स्कूली छात्र/छात्राओं की सुरक्षा एवं सुरक्षित परिवहन के लिए परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से स्कूल बसों का निर्धारित मापदण्ड के अनुसार स्कूल बस चेकिंग एवं चालक-परिचालक का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण 4 फ़रवरी को प्रातः 9 बजे जिला परिवहन कार्यालय बेमेतरा उपजेल के पास, एनएच 30 गुनरबोड़ में किया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में स्कूल बस चेकिंग एवं चालक-परिचालक का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण के लिए जिले के समस्त स्कूल संचालकों (सरकारी/निजी) को उक्त स्थान एवं समय में उपस्थित होने को कहा गया है।

### बैंक डकैती मामले में फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अंडा।** थाना अंडा से 500 मीटर की दूरी पर स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा में चोरी की घटना को अंजाम देने के फरार आरोपी धर्मेंद्र टुंडे को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में 3 अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस केअनुसार 25 जनवरी 2024 को थाना वैशली नगर जिला दुर्ग निवासी प्रार्थी तारांचद पाटिल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 जनवरी को प्रतिदिन की भांति बैंक का काम करने के बाद बैंक बंद कर घर चले गए थे।

## वसूली : विद्युत विभाग ने शुरू किया वसूली अभियान, कई की कटी बिजली

# जिला मुख्यालय में सवा सात करोड़ का बिजली बिल बकाया, सरकारी दफ्तरों ने दबाए 4 करोड़ 70 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के 400 से भी अधिक सरकारी दफ्तरों पर बिजली कंपनी का 4.70 करोड़ का बिजली बिल बकाया है। इन बकाया बिलों के भुगतान के लिए कई बार अभियान भी चलाया गया। विभाग ने फिर से वसूली अभियान चलाते हुए शहर के कई बकयादारों की बिजली काटना शुरू कर दिया है। लेकिन, कार्रवाई की जद में विभाग के बजाए ज्यादातर आम लोग ही आए।

बकायेदारों में पहले स्थान पर नगरीय निकाय है। सबसे अधिक बेमेतरा नगर पालिका सड़क, बत्ती औऱ नलजल का 3.करोड़ 89 लाख रुपये का बकाया है। दूसरे अन्य 158 शासकीय दफ्तरों से 81 लाख रुपये का बकाया बिल वसूलना है। वहीं, सामान्य घरेलू, व्यावसायिक, कृषि एवं औद्योगिक के 2 हजार 853 उपभोगताओं के मामलों पर 2.57 करोड़ का बिल बकाया है। कुल मिलाकर बेमेतरा जिला मुख्यालय में 7.27 करोड़ के बिजली बिल की वसूली होनी बाकी है। पावर कंपनी के अधिकारी



गुलाब साहू का कहना है कि सभी बकायादारों को समय-समय पर नोटिस भेजकर भुगतान करने के लिए रिमाइंड कराया जाता है। कुछ विभाग ऐसे हैं, जो पिछले लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इससे पावर कंपनी को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। नगर पालिका सरकारी विभागों के बकाया बिजली बिल का लगभग 45 प्रतिशत रोककर रखे हुए हैं। अभी वसूली अभियान चलाया जा रहा। श्री साहू ने बिजली बकायादरों से कहा है कि वे बिजली की असुविधा से बचना चाहते हैं, तो अपना बकाया भुगतान करें।

### नपा के अधिकारी नहीं वसूल पाते टैक्स, इसलिए पेंडिंग

वहीं, नपा अधिकारियों के मुताबिक नगरीय निकायों के पास आय के ज्यादा स्त्रोत नहीं हैं। निकाय की ओर से कई तरह के टैक्स जरूर लगाए जाते हैं, लेकिन इसकी वसूली करने में अधिकारियों के पसीने छूटते हैं। कई बार निकायों के अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर वेतन भी नहीं मिल पाता।

### आर्थिक स्थिति ठीक, फिर भी नहीं कर रहे भुगतान

बता दें कि नगरीय निकाय को छोड़ दिया जाए तो कई सरकारी विभाग ऐसे हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी है। अलग-अलग कामों के लिए पर्याप्त बजट भी होता है। इसमें बिजली बिल भी शामिल है। बावजूद इसके अधिकांश विभाग समय पर बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि बकाया राशि में बढ़ोत्तरी हो रही है।

# 10 फरवरी तक बढ़ाएं धान खरीदी का समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शिवसेना के जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान ने किसान का धान सोसाइटी में विक्रय तिथि 10 फरवरी तक किए जाने की मांग छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री से की गई है। इसे लेकर शिवसेना ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम गुरुवार को ज्ञापन

▪ शिवसेना ने प्रदेश सरकार से की मांग, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सौंपा गया है। जिला प्रमुख दाऊ चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसान व जिला बेमेतरा के किसान का धान सोसाइटी बिक्री केंद्र में शासन के योजना के तहत अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 तक निर्धारित किया गया था जिसे दैनिक पत्राचार के माध्यम से जानकारी हुई की 4 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसान का उक्त दिनांक तक धान विक्रय करने में पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मौसम बारिश का संभावना बनी हुई है, जबकि बेमेतरा के



किसानों के लगभग 5 से 10 प्रतिशत धान का विक्रय नहीं हो पाया है। इसे देखते हुए धान विक्रय की समय सीमा को सोसाइटी धान केंद्र में 10 फरवरी तक बढ़ाया जाए, ताकि किसान समय सीमा पर अपनी धान को समिति विक्रय केंद्र में बेच सकें। किसान के हित को देखते हुए छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख दाऊ राम चौहान ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री व शासन प्रशासन से धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने का आग्रह किया है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के पात्र हितग्राहियों को 3 लाख तक लोन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र लोगों को सरकार की तरफ से 3 लाख रुपये का ऋण 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपये तक का लोन लिया जा सकता है।

हितग्राहियों को कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपये का अनुदान देने की सुविधा है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रतिमाह अधिकतम 100 रूपए के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन 1 रुपए निर्धारित है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची/जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते है। इसके लिए आधार, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड की आवश्यकता होगी।

इस योजना का लाभ लेने के लिए आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। स्वरोजगार/व्यवसाय विकास योजनाओं के तहत हितग्राही ने पिछले 5 वर्ष में किसी भी शासकीय योजना अंतर्गत ऋण न लिया हो। योजना के तहत परिवार का एक ही सदस्य पात्र होगा। सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य ▸▸| शेष पेज 11 पर

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर देवकर पहुंचे जेडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर

नगर पंचायत देवकर के सांसद प्रतिनिधि रवि शंकर सोनी ने नगर पंचायत देवकर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास में स्वीकृत आवासों में हो

▪ सांसद प्रतिनिधि ने दर्ज कराई थी गुणवत्ताहीन कार्यों की शिकायत

रही गड़बड़ी को लेकर के दुर्ग जेडी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी। वहीं, नगर में कई वार्डों में सीसी रोड पर नाली निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी।

उक्त शिकायत को देखते हुए जेडी की टीम नगर पंचायत कार्यालय पहुंची। प्रधानमंत्री आवास सहित निर्माण कार्य में बाधा को लेकर के फाइलों का निरीक्षण




किया गया। नगर में निर्माण हुए सीसी रोड का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। नगर पंचायत सीएमओ राधा चरण तिवारी, इंजीनियर बी आर ठाकुर, व नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं, शिकायतकर्ता सांसद प्रतिनिधि रवि शंकर सोनी, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पार्षद पति सुरेश सिहोरे, पार्षद तारा चक्रधारी, पार्षद रिजवाना , पार्षद सतकुमार सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष मनोज शर्मा, मौजूद रहे।

नगर में पूर्व की कांग्रेस सरकार में हुए विकास कार्य में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों को शिकायत कर जांच करवाने की मांग नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल व नेता प्रतिपक्ष मनोज शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रविशंकर सोनी द्वारा कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### शिकायत पर की गई जांच

नगर पंचायत देवकर में प्रधानमंत्री आवास को लेकर अनियमितता की शिकायत मिली थी। इस मामले में देवकर नगर पंचायत पहुंचकर फाइलों की जांच की गई। नगर के पार्षद व उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधियों द्वारा नगर में हुए विकास कार्यक्रम भ्रष्टाचार की बात को लेकर के नगर के सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

**लोकेश्वर साहू,** जॉइंट डायरेक्टर नगरी निकाय दुर्ग संभाग

## भवानी वाटिका में श्रीमद् भागवत कथा जारी

# भगवान के हर अवतार से हमें शिक्षा मिलती है : पं. संजय कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

भवानी वाटिका ज्ञान गंगा में आयोजित भागवत कथा प्रसंग में पंचम दिवसीय प्रवचन व्याख्यान माला में कथा व्यास आचार्य पंडित संजय कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान का अवतार पंचमहाभूतो को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हुआ। शासन तंत्र की दिशा हीनता के कारण केवल भौतिक विकास को अधिक महत्व देने से पृथ्वी ,जल ,वायु, अग्नि,आकाश ,सब प्रदूषित था। भगवान के अवतार का कई प्रयोजन होने पर भी प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाना था। उन्होंने कहा कि पूतना ,तृणावर्त, व्योमासूर, कालियानाग को नियंत्रण कर समाज को प्रकृति का संरक्षण नदी ,वन आरण्य सरोवर ,पर्वत आदि सुरक्षित रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्याम सुंदर भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीलाओं से प्रेरणा लेकर




ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। भगवान ने बच्चों को युवा पीढ़ी को प्रेरित किया है। बाल्यकाल से उन्होंने कठिन संघर्षों का सामना करते हुए संकटोकाल धैर्य पूर्वक आसुरी प्रवृति को समाप्त कर सनातन संस्कृति को सुरक्षित रखने का अभियान चलाया। अन्याय, अपराध अधर्म अनीति के विरोध में बोलने का साहस बचपन काल से ही होना चाहिए। गौ सेवा गौ संरक्षण के माध्यम से भगवान बांके बिहारी ने संदेश दिया राष्ट्र के उत्कर्ष के लिए लौकिक, पार लौकिक मनोकामनाओ के पूर्ति लिए गौ सेवा आवश्यक है धर्म प्राण भारत देश मे गौ हत्या पर पूर्ण रूप से नियंत्रण हो प्रतिबंध लगे। गौ माता देश की नहीं (गावोविश्वस्य मातरः) संपूर्ण की मां है।

**तीर्थ और धाम पर्यटन केन्द्र नहीं हो सकते :** वृन्दावन भी लीलाओं का मार्मिक विवेचन करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि तीर्थ यात्रा भगवत प्राप्ति के लिए करना चाहिए। तीर्थों में भौतिक विकास हो परंतु संस्कृति का ह्रास न हो। उन्होंने कहा कि तीर्थ और धाम पर्यटन केन्द्र नहीं हो सकते, उससे आस्था कमजोर होगी। मठ, मंदिर, आश्रम, तीर्थ सुसंस्कृति सुरक्षित स्वावलंबी बनने के लिए है। शिक्षा रक्षा सेवा संस्कृती धर्म और मोक्ष का केंद्र हो चीरहरण गोवर्धन लीला के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने गौदुध दही, घृत गौमूत्र, गोबर को धार्मिक सामाजिक संस्कृतिक आध्यात्मिक तथा वैज्ञानिक आर्थिक दृष्टि से परम उपयोगी सिद्ध करते हुए जन मानस को प्रेरणा दी इसकी उपयोगिता हर काल मे प्रत्येक युग में रहेगा। कोई भी शासन तंत्र में यदि वैदिक संस्कृति का विरोध करते हुए समाज में अराजकता फैलाते हैं। उन्हें नियंत्रण कर धर्म राज्य की स्थापना की रावण कंश हिरण्यकश्यप दुर्योधन आदि उदाहरण अंत में द्वारिका पुरी में भगवान का मंगलमय विवाह महोत्सव का आयोजन कर भागवत कथा से शिक्षा मिलती है परिवार में अनायास भाव से जीवन यापन करें। उल्लेखनीय है कि दुर्ग रोड स्थित भवानी वाटिका में शास्त्री परिवार द्वारा यह गरिमा युक्त आयोजन किया जा रहा है, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर भागवत भजन में सम्मिलित हो रहे हैं।

# जिले में बंदरों के उत्पात से लोग परेशान

**बालोद।** जिले में बंदरों का उत्पात लगातार अलग अलग तरीके से देखने को मिलता है, जिसके कारण लोग परेशान हैं। बंदरों से बचने के लिए किसानों के साथ ही आमजनता अनेक प्रयास करते नजर आते हैं, लेकिन इन्हें संरक्षित कर उत्पात को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों के साथ ही जिला मुख्यालय में सैकड़ों बंदर अपना बसेरा बना चुके हैं। ये आए दिन छत और खपरैल के घरों में उत्पात मचाने के साथ ही लोगों को परेशान करते हैं। लेकिन उनके उत्पात और बंदरो को जिला मुख्यालय से दूर भगाने के लिए कोई भी प्रयास संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया जाता। इसका खामियाजा लोगों को आए दिन भारी नुकसान उठाकर भुगतना पड़ता है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### सीएम साय का पैतृक निवास कैंप कार्यालय घोषित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के ग्राम बगिया, विकासखंड कांसाबेल, जिला जशपुर में स्थित उनके पैतृक गृह को मुख्यमंत्री का कैम्प कार्यालय घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेशानुसार प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन एवं सुरक्षा संबंधी कारणों को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### बैगा आदिवासियों की मौत कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** कवर्धा के नागडबरा गांव में तीन बैगा आदिवासियों की मौत के मामले में कांग्रेस ने जांच समिति बनाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ममता चंद्राकर, पूर्व विधायक पंडरिया को इस समिति का अध्यक्ष बनाया है। समिति के अन्य सदस्यों में नीलकंठ वंद्रवंशी पूर्व प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष होरी राम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल, इतवारी राम बैगा, रामकुमार सिन्हा पंचायत प्रतिनिधि को शामिल किया है। जारी आदेश में समिति के सदस्यों को घटनास्थल पर जाकर लोगों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर प्रतिवेदन पीसीसी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बदले 4 जिलाध्यक्ष

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव अपनी नई टीम तैयार कर रहे हैं। चुनाव से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चार जिलों के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की है। रायपुर ग्रामीण, भिलाई, बालोद और धमतरी के पदाधिकारियों को बदला गया है। जारी सूची के अनुसार पवन साहू को बालोद, प्रकाश बैस को धमतरी, श्याम नारंग रायपुर ग्रामीण और महेश वर्मा को भिलाई जिलाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा ने भिलाई जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया को पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर चार बार के पार्षद महेश वर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया पर कोषाध्यक्ष के संज्ञान के बिना जिला भाजपा के खाते से पैसे निकालने का आरोप लगा था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से एक साल पहले ही भिलाई जिलाध्यक्ष के पद में बदलाव किया था।

### राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगित 11 को

**रायपुर।** बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर 66वां सरस्वती जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। इसी दौरान 11 फरवरी को महंत लक्ष्मीनारायण दास स्मृति में राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सरस्वती क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति पुरानी बस्ती द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रमेश यदु ने देते हुए बताया कि कुश्ती निशुल्क होगी। विजयी पहलवानों को टाइटल, मोमेंटो, नगद राशि एवं आकर्षक ईनाम प्रदान किए जाएंगे।

### आत्महत्या कर रही युवती को पुलिस ने बचाया

**भिलाई।** तालाब में कूदकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली युवती को पुलिस ने बचा लिया। घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार बाबा बालक नाथ मंदिर तालाब बालाजी नगर निवासी 21 वर्षीय युवती आत्महत्या करने तालाब में कूद गई थी। जिसकी सूचना खुसीपार पुलिस को मिलते ही पेट्रोलिंग की टीम में तैनात आरक्षक तेज प्रकाश साहू, आरक्षक चंद्रभान चौहान तुरंत रिस्पांस देते हुए तालाब में कूदी युवती को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस ने युवती को बचाकर उनके परिजनों के हवाले किया।

### बागेश्वर बाबा सोनार परिवार के घर पधार दिया आशीर्वाद

**भिलाई।** कथावाचक बागेश्वर बाबा पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के रायपुर में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में भिलाई से भी अनेक अनुयायी शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद उनके अनुयायी और हनुमान भक्त विष्णु सोनार और उनके परिजन उस समय मंत्रमुग्ध रह गए जब बागेश्वर बाबा अपने वादे के मुताबिक आधी रात को अचानक उनके घर पधारे। सोनार परिवार ने उनका भावभीना अभिनंदन करआशीर्वाद लिया।

# पीएम आवास शहरी : आधे-अधूरे 65 हजार मकान दो माह में करने होंगे पूरे

## अब सरकार ने दी अफसरों को कड़ी चेतावनी, दो साल पहले हुए थे स्वीकृत, लेकिन काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत दो साल पहले स्वीकृत किए गए 2 लाख 24 हजार 310 मकानों में से 65 हजार 280 मकान अब तक आधे-अधूरे ही बन पाए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव ने इस स्थिति को गंभीरता से लिया है।

उन्होंने इन सभी मकानों को 31 मार्च तक पूरा तैयार करने का निर्देश दिया है। इसी योजना के तहत मंजूर मकानों में से 20 हजार 259 आवास बनना ही शुरू नहीं हुए हैं। इन्हें दो चरणों में मार्च तक बनाना शुरू करने कहा गया है।

### समीक्षा बैठक से सामने आई जानकारी

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पूरी तरह विवाद में रही। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर जमीन मोर मकान घटक (बीएलसी) के तहत भी कामकाज बेहद ढीला रहा है। उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव ने पिछले दिनों जब प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा की, तो ये बात सामने आई कि पीएम शहरी के मकान निर्माण का काम आधा-अधूरा और असंतोष जनक है। लिहाजा अब इन मकानों के निर्माण को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी

### ये है पीएम आवास शहरी का हाल

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर जमीन-मोर मकान (बीएलसी घटक) के अंतर्गत दो साल पहले वर्ष 2022 मार्च में कुल 2 लाख 24 हजार 310 आवास स्वीकृत किए गए थे। इनमें अब तक 65 हजार 280 मकान आधे-अधूरे हैं, यानी प्रगतिरत हैं। इन मकानों को 31 मार्च तक अनिवार्यतः पूरा करने कहा गया है। इन्ही स्वीकृत आवासों में से 20 हजार 259 अब तक बनना ही शुरू नहीं हुए हैं, यानी अप्रारंभ हैं। इनके संबंध में कहा गया है कि 5 हजार 354 मकानों को तत्काल बनाना शुरू किया जाए। इसी तरह अप्रारंभ 14 हजार 905 आवास को 29 फरवरी से बनाना शुरू करें। यह काम तय तारीख पर अनिवार्यतः करने कहा गया है।

### देर की तो होगी कड़ी कार्रवाई

उपमुख्यमंत्री के निर्देश के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को आदेश जारी किया है। इसी आदेश में कहा गया है कि शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, योजना के नोडल अधिकारी, संबंधित एसएलटी विशेषज्ञ, सीएलटी विशेषज्ञ के विरुद्ध जिम्मेदारी तय कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। खास बात ये है कि इसी आदेश में साफ किया गया है कि पीएम आवास शहरी राज्य शासन की प्राथमिकता का विषय है। शासन द्वारा दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए की गई कार्यवाही का मूल्यांकन संबंधित आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों के गोपनीय प्रतिवेदन में दर्शित होगा।

## कलेक्टर पारागांव बुनकर सहकारी समिति की महिला सदस्यों से हुए रूबरू

# एफपीओ के माध्यम से सीधे बाजार से जुड़ेंगे तो बुनकर कारीगरों को मिलेगा उत्पादों का बेहतर मूल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को पारागांव के जयदुर्गा बुनकर सहकारी समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति की महिला सदस्यों से बातचीत करने के बाद अधिकारियों को बुनकर व बंसोड़ समाज के सदस्यों के लिए एफपीओ बनाने के निर्देश दिए, ताकि कारीगर सीधे बाजार से जुड़ सकें और वर्तमान मांग के अनुसार उत्पाद तैयार कर पाएं। इससे बाजार में उत्पादों का बेहतर मूल्य भी मिल पाएगा।

- बुनकर और बंसोड़ समाज के सदस्य सीधे बाजार से जुड़ सके इसके लिए दिए एफपीओ बनाने निर्देश

कलेक्टर से बातचीत करते हुए बुनकर समिति की महिला सदस्यों ने अपने कार्य की जानकारी दी। महिलाओं ने कलेक्टर को अपनी समस्याएं भी बताई। उन्होंने बताया कि उत्पादकता बढ़ाने के लिए मशीन की आवश्यकता है, वहीं शासकीय दर पर बांस लेने में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर ने दोनों समस्या को जल्द से जल्द दूर करने अधिकारियों को निर्देशित किया। डा. सिंह ने दोनों समूह के सदस्यों से कहा कि आपके हाथ में हुनर है आप इनका बेहतर तरीके से उपयोग कीजिए और वर्तमान बाजार की मांगों के अनुरूप उत्पाद बनाएं। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि इन कारीगरों के एफपीओ बनाएं और उन्हें सीधे बाजार से जोड़ें ताकि उत्पाद का और बेहतर मूल्य मिले। कलेक्टर ने अपने प्रवास के दौरान मानिकचौरी धान खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने धान की खरीदी एवं उठाव की जानकारी ली। इस दौरान उठाव का काम धीमा देखकर जल्द धान के उठाव के निर्देश दिए। डा. सिंह ने पारागांव के ग्रामीणों से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर भी बातचीत की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के 80 लोगों ने विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीयन कराया है। कलेक्टर ने सरपंच को तत्काल वेरिफिकेशन कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वद्वीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जनसंपर्क संचालनालय के उपसंचालक मरकाम को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**रायपुर।** जनसंपर्क संचालनालय के उप संचालक मनराखन मरकाम को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने दी। 31 वर्षों तक विभाग को अपनी सेवाएं देने के बाद 31 जनवरी को मरकाम सेवानिवृत्त हुए।

मरकाम ने अपनी सेवाओं के 7 साल 8 महीने मध्यप्रदेश में एवं 23 साल छत्तीसगढ़ में बिताये। इस मौके पर अपने अनुभव साझा करते हुए मरकाम ने कहा कि जनसंपर्क विभाग में बिताए गए 31 वर्ष बहुत यादगार अनुभव हैं। इन वर्षों में साथी अधिकारियों के साथ सभी विभागीय दायित्वों का मनोयोग से पालन किया। जनसंपर्क विभाग में अधिकारियों से बहुत स्नेह मिला, जो हमेशा यादगार रहेगा। इस मौके पर अपर संचालक संजीव तिवारी ने कहा कि श्री मरकाम को सौंपे गए सभी दायित्व उन्होंने अच्छी तरह से पूरे किए। कार्य के प्रति उनकी सजगता और मेहनत सराहनीय है। अपर संचालक हर्षा पौराणिक ने इस मौके पर कहा कि श्री मरकाम ने तीन दशक विभाग को दिए और पूरी मेहनत से अपना कार्य अच्छी तरह संपादित कर सेवानिवृत्त हुए हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस दौरान संयुक्त संचालक पंकज गुप्ता, धनंजय राठौर, डीएस कुशराम, सुरेंद्र ठाकुर एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस महासचिव सिसोदिया ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**रायपुर।** एआईसीसी के सदस्य व कांग्रेस महासचिव अरुण सिंह सिसोदिया ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। सिसोदिया ने अपने इस्तीफे की प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य नेताओं को भेजी है। इनमें नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत, सह प्रभारी विजय जांगिड़, चंदन यादव, सप्तगिरी उल्का व प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू शामिल हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा और उनके अन्य साथियों के दबाव को इसका कारण बताया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान बूथ गठन व प्रबंधन की जिम्मेदारी मुझ पर थी। मैंने 18,300 बूथों का गठन किया। लक्ष्य 23,902 बूथों के गठन का रखा गया था। यह लक्ष्य रोक-टोक व बेवजह हस्तक्षेप के कारण पूरा नहीं हो पाया। सिसोदिया ने कहा कि मैंने 20 साल पार्टी की सेवा की, लेकिन कुछ वर्ष पहले आए लोगों को उपकृत किया गया। साजिश के तहत मुझे प्रदेश महामंत्री व प्रदेश महामंत्री संगठन व प्रशासन से हटा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के दौरान बूथ गठन व अन्य डेटा विनोद वर्मा के पास साप्ट और हार्ड कापी में उपलब्ध है। यह पीसीसी की गोपनीय जानकारी है, इसे सुरक्षित किया जाना चाहिए।

# टीएल बैठक से नहीं बच सकेंगे विभागों के जिला अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करने टीएल बैठक लेते हैं। इस बैठक में विभागों के जिला अधिकारियों को बुलाया जाता है, लेकिन कई अधिकारी किसी कारण से या बहाना बनाकर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रतिनिधि बनाकर बैठक में भेज देते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। कलेक्टर ने इसके लिए नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अनुपस्थित जिला अधिकारियों की अगले दिन समीक्षा बैठक ली जाएगी। इस तरह अब अधिकारी टीएल बैठक से बच नहीं सकेंगे।

### सभी विभागों को भेजा पत्र

कलेक्टर ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र लिखकर निर्देश किया है कि समय-सीमा की बैठक में कुछ विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उनके विभागीय गतिविधियों की समीक्षा नहीं हो पाती। इसे देखते हुए नई व्यवस्था बनाई गई है, जिसे अनिवार्य रूप से सभी विभागों के जिला अधिकारियों को पालन करना है। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी नहीं पहुंचते कई विभागों के जिला अधिकारी जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उपस्थित होना होता है, लेकिन कई अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रतिनिधि बनाकर भेज देते हैं। इसे लेकर कई बार जिला पंचायत के सदस्य भी आपत्ति जता चुके हैं।

# मैत्रीबाग में यादगार होगी फूलों की बारात संडे के फ्लावर शो की जोरशोर से तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वासंती बयार की आहट के बीच एक बार फिर अपना शहर इंद्रधनुषी गुलिस्तान और इसकी खुशबू से तर होने जा रहा है। इस साल मैत्रीबाग में आयोजित फ्लावर शो प्रकृतिप्रेमियों के लिए कई माएने में यादगार और आकर्षक होगा। चार फरवरी रविवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित यह मेगा पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता की जोरशोर से तैयारी चल रही है। वहीं शहर के प्रतिभागियों में भी खासा उत्साह है।

पिछले 3 दशक से अधिक समय से आयोजित फ्लावर शो इस बार थोड़ा लीक से हटकर होगा। शो को अधिकाधिक मनभावन बनाने उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी जुटे हुए हैं। इसके लिए मैत्रीबाग को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। लाइटिंग,पेंटिंग और रंगरोगन के साथ शंकर लांन व कैंडल गार्डन के साथ फुलवारियों और जू को भी संवारा जा रहा है। फ्लावर शो में 35 प्रजाति के पुष्पों की प्रतियोगिता के प्रदर्शित फूलों के साथ तरह तरह के फ्रूट्स वेजिटेबल प्रकृतिप्रेमियों को मुग्ध करेंगे। साथ ही सतरंगी रंगोली स्पर्धा भी लुभाएगी। पानी पर सतरंगी रंगोली और थ्रीडी रंगोली से अयोध्या में नवनिर्मित रामलला का मंदिर मंत्रमुग्ध करेगा । बंबू के ऊपर नई तकनीक से लगे पौधे भी लुभाएंगे।



### दिखेंगे 35 प्रजाति के पुष्प और फ्रूट्स

फ्लावर शो की पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता में 35 प्रजाति के पुष्प दिखेंगे। इसके तहत कटफ्लावर और पोटेट फ्लावर कैटेगरी में पैंजी, पिटूनिया, डहेलिया, मेरिगोल्ड, बार्बिना, डेंथस, फ्लाक्स, फ्लोरिबंडा, रोज, सालविया, आस्टर व एंटीएनम आदि फ्लावर शामिल हैं। कैक्टस कैटगरी स्पर्धा में कई तरह को बोंसाई, अर्नामेंटल प्लांट व क्लाबिया आदि लुभाएंगे। फ्रूट्स,वेजिटेबल सलाद स्पर्धा में अनेक प्रजाति के फल, सब्जी व बड़े बड़े लौकी, कद्दू गोभी आदि सहित सलादों की डिजाइनर आकृति आकृष्ट करेगी। बीएसपी स्कूल व निजी स्कूल तथा होम गार्डन स्पर्धा भी होगी। साथ ही पर्यावरण व औषधीय पौधों, खाने पीने आदि के स्टाल भी लगाए जा रहे हैं।

# बैज बोले- धान खरीदी की तिथि 1 मार्च तक बढ़ाएं, 4 दिन बढ़ाना अपर्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा, धान खरीदी की तारीख सिर्फ 4 फरवरी तक बढ़ाया जाना अपर्याप्त है। 1 मार्च तक धान खरीदी की तारीख बढ़ाई जाये। उन्होंने कहा, अभी भी 5 लाख से अधिक किसान धान बेच नहीं पाये हैं। वहीं 21 क्विंटल के हिसाब से पूर्व में 20 क्विंटल धान बेच चुके किसानों से प्रति एकड़ 1 क्विंटल अतिरिक्त धान की खरीदी की जानी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इस वर्ष क़े लिए 135 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य तय किया था। तब प्रति एकड़ 20 क्विंटल की खरीदी तय हुआ था। वर्तमान में ज़ब प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी क़े आदेश जारी हो गए हैं, तो लक्ष्य भी 150 लाख मीट्रिक टन खरीदी पहुंचेगी, इसलिये एक महीने धान की खरीदी की तारीख बढ़ाई जाये।

- 3100 रुपए कीमत और एकमुश्त भुगतान कब होगा सरकार बताए?

उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किसानों से वादा किया है कि वह धान की क़ीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल देगी। किसानों को एकमुश्त भुगतान धान बेचने के तुरंत बाद खरीदी केन्द्रों की ग्राम पंचायतों में ही अलग से काउंटर बना कर किया जायेगा। शासन की तरफ से इस संबंध में कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है, जिसके कारण उनको समर्थन मूल्य पर ही भुगतान हो रहा है। किसान चिंतित हैं कि उनको 3100 रुपए की क़ीमत कैसे और कब मिलेगी? सरकार को इसको स्पष्ट करना चाहिये।

## कांग्रेस ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

# अनिर्णय की स्थिति से बढ़ी नक्सली घटनाएं सरकार नक्सल नीति स्पष्ट करे : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जगरगुंडा थाना क्षेत्र के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों द्वारा किये गये हमले में तीन जवानों की शहादत बेहद दुखद है। कांग्रेस पार्टी इन जवानों के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

शहीद जवानों के परिजनों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करती है तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। हमारे जवानों ने बड़ी बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया। देश को इन जवानों की वीरता पर गर्व है। हमारी सरकार से मांग है कि सरकार अपनी नक्सलवादी नीति स्पष्ट करे। सरकार के अनिर्णय की स्थिति के कारण प्रदेश में नक्सली गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, सरकार को डेढ़ महीने से अधिक हो गया है। अभी तक सरकार ने नक्सलवाद जैसे महत्वपूर्ण मसले पर अपनी कोई राय नहीं बना पाई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद पर एक ठोस नीति बनाई थी, विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ी थी, जिसके सकारात्मक परिणाम आये।



राज्य में नक्सली गतिविधियों में 80 प्रतिशत तक की कमी आई थी। रमन राज में नक्सलवाद 15 जिलों तक पहुंच गया था। कांग्रेस सरकार के 5 सालों में बस्तर के सुदूर क्षेत्रों तक सिमट गया था। वर्तमान भाजपा सरकार के अनिर्णय के कारण राज्य में एक बार फिर नक्सली गतिविधियां बढ़ गई हैं।

# शक्ति वंदन अभियान में होगा स्वसहायता बहनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



स्वसहायता समूह एवं एनजीओ से जुड़ी बहनों को लेकर भाजपा बूथ स्तर पर वृहत अभियान चलाकर प्रत्येक शक्ति केंद्र स्तर पर 150 बहनों व विधानसभा स्तर पर 6000 हजार बहनों से संवाद स्थापित करेगी। उनका सम्मेलन आयोजित कर स्वसहायता समूह एवं एनजीओ से जुड़ी बहनों का अभिनंदन, सम्मान कर उन्हें मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाने का कार्यक्रम तय किया गया है। भारतीय जनता पार्टी, रायपुर जिले द्वारा जिले में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को इस सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया गया। भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं शक्ति वंदन अभियान के प्रदेश संयोजक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की आधी आबादी नारी शक्ति के सम्मान में वृहत अभियान कार्य योजना बनाई है। नारी तू नारायणी इस आदर्श शब्दों को धरातल पर उतारते हुए विभिन्न योजनाएं नारी शक्ति के लिए बना रही है। हम सब कार्यकर्ताओं का यह नैतिक दायित्व है कि हम केंद्र सरकार की योजनाओं को जन साधारण तक पहुंचाएं, इसके लिए शक्ति वंदन अभियान हमें बूथ स्तर तक पहुंचाकर नारी शक्ति के साथ संवाद स्थापित करें।

ककककक



## यूथ ब्वायज की टीम फुटबॉल के फाइनल में

दुर्ग। जिला सीनियर फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 2023-24 के अंतर्गत पंत स्टेडियम मे बुधवार को प्रतियोगिता का पहला सेमीफाईनल यूथ बॉयज एवं बीएमवाय चरोदा के बीच खेला गया। जिसमें यूथ बॉयज ने 3 - 2 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। बीएमवाय चरोदा की ओर से पहला गोल जर्सी नंबर 17 आइजैक ने खेल के सातवें मिनट में किया बीएमवाय कि ओर से दूसरा गोल जर्सी नंबर 14 सिद्दार्थ ने खेल के 75 वें मिनट में किया। यूथ बॉयज की ओर से पहला गोल खेल के 44 वें मिनट में जर्सी नंबर 1 पूर्वांश ने किया। दूसरा गोल जर्सी नंबर 9 तरुणदीप ने 53 वें मिनट में किया एवं तीसरा गोल जर्सी नंबर 14 राजीब मुंडा ने 58 वें मिनट में किया। 1 फरवरी, गुरुवार को प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाईनल कल्याण इलेवन एवं दुर्ग हीरोज के मध्य खेला जायेगा। आज के मैच के रेफरी रविन्द्र कुमार, विक्टर जॉर्ज, कुणाल निषाद एवं पियस थे।

## हर्ष को सैम्बो नेशनल चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक

रायपुर। रायपुर के पार्थ हर्षद चावड़ा ने सैम्बो नेशनल



चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 27-28 जनवरी को सैम्बो एसोसिएशन ने यह प्रतियोगिता आयोजित की थी। उल्लेखनीय है कि सैम्बो मूलरूप से रूस का एक मार्शल आर्ट है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित लड़ाकू खेल है, और यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा ग्रीको-रोमन कुश्ती और फ्रीस्टाइल कुश्ती के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में शामिल शौकिया कुश्ती की एक मान्यता प्राप्त शैली है। औरंगाबाद में हुई प्रतियोगिता में रायपुर से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसमें पार्थ ने +18 आयु वर्ग और -64 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लिया और महाराष्ट्र के खिलाड़ी को 5-2 से हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जिसका पूरा श्रेय पार्थ ने अपने कोच सूरज वर्मा को दिया है। पार्थ अपने नियमित जॉब के अलावा सैम्बो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पिछले करीब महीने भर से रोजाना शाम को 2 घंटे अभ्यास कर रहा था। हर्षद का मानना है कि देवेंद्र नगर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर में कोच सूरज वर्मा के मार्गदर्शन में कड़े अभ्यास के चलते उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई। इस उपलब्धि के बाद पार्थ के लिए एशियन गेम्स और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए दरवाजे खुल गए हैं।

## राज को राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण

रायपुर। उत्तरप्रदेश के लखनऊ शहर में 45 वीं अखिल भारतीय विद्युत मंडल बोर्ड पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 जनवरी तक किया गया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग के राज वासनिक ने छत्तीसगढ़ राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक जीता।

## पेज 9 के शेष

### पुलिस व अग्निवीर ...

सीखेंगे और सफल होंगे। सिर्फ उन्हें लक्ष्य के साथ मेहनत करनी होगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षणों से युवा कॅरियर मार्गदर्शन के साथ शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। उन्होंने युवाओं को कठिन परिस्थितियों से निकलने और अपनी मंजिल को पाने के टिप्स भी दिए और अपने अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर यातायात सड़क सुरक्षा माह के तहत युवाओं को हेलमेड वितरण किया और दोपहियां वाहन चालकों को हेलमेट पहने जागरूक किया ।

### पीएम विश्वकर्मा ...

योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य के प्रत्येक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

# नगर निगम की 100 दुकानें डंप, 34 करोड़ का नुकसान, किराये के विकल्प पर विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

शहर में आधा दर्जन इलाकों में नगर निगम द्वारा बनवाई गई 100 दुकानें नहीं बिकने से निगम को 34 करोड़ का नुकसान हो रहा है। दुकानों को बेचने के लिए बाजार विभाग की ओर से कई बार टेंडर किए गए, पर प्रापर रिस्पांस नहीं मिलने से दुकानें खाली पड़ी हैं। इन दुकानों के मेंटनेंस में निगम का पसीना छूट रहा है। ऐसे में सालों से वीरान पड़ी इन दुकानों को बेचने की जगह किराये पर देने की तैयारी है। इसके लिए नीति तय करने शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है।

## बेचने के लिए दर्जनों बार टेंडर, रिस्पांस नहीं मिला

### मेंटनेंस पड़ रहा भारी, सालों से रत्तीभर कमाई नहीं

| दुकान का लोकेशन | दुकानों की संख्या | टेंडर |
|---|---|---|
| मंगलम समता कालोनी | 10 | 18 |
| महोबाबाजार | 14 | 18 |
| गांधी मैदान | 55 | 18 |
| मल्टीलेवल पार्किंग | 1 | 7 |
| जवाहर बाजार | 16 हाल | 12 |



### रेंट पालिसी के लिए भेजा है प्रस्ताव

दुकानों की रेंट पालिसी शासन द्वारा निर्धारित की जाती है। निगम ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। बहुत सी दुकानें 30 साल की लीज पर लेने के लिए लोग तैयार नहीं होते, इसलिए इसे किराये पर देने की योजना बनाई गई है।

*- एजाज ढेबर, महापौर नगर निगम रायपुर*

आमदनी अठन्नी खरचा रुपैया की तर्ज पर तंगहाली से जूझ रहा रायपुर नगर निगम अब अपनी पुरानी दुकानों को किराये पर देगा। यह निर्णय शहर के आधा दर्जन इलाकों की बेशकीमती जमीन पर करोड़ों खर्च कर बनाई 100 दुकानों के नहीं बिकने के कारण लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक अग्रसेन चौक के मंगलम कांप्लेक्स, गांधी मैदान, महोबाबाजार, जवाहरबाजार और मल्टीलेवल पार्किंग परिसर स्थित दुकानों को बेचने के लिए बाजार विभाग से दर्जनभर से ज्यादा बार टेंडर निकाला गया। रेट ज्यादा होने और दुकान की बनावट को लेकर यह दुकानें बिक नहीं पा रही हैं। इससे निगम के बाजार विभाग को 34 करोड़ का नुकसान हो रहा है।

## आग की चपेट में आने से तीन दोपहिया भी जलकर खाक

# चार्जिंग के दौरान ई-व्हीकल में ब्लास्ट से घर में आग, सात में से तीन लोग झुलसे


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के संतोषी नगर में एक डॉक्टर के यहां ई-व्हीकल में चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट होने से दो मंजिला मकान में आग लग गई और पार्किंग में खड़ी तीन अन्य दोपहिया आग की चपेट में आकर राख के ढेर में तब्दील हो गईं। इसके साथ घर में उपस्थित सात में से तीन लोग आग की चपेट में आने से झुलस गए। घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना बुधवार तड़के चार से पांच बजे के बीच की बताई जा रही है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

■ घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के संतोषी नगर की

पुलिस के मुताबिक कृष्णानगर निवासी डॉ. फैजान खान के घर में रखी ई-व्हीकल में ब्लास्ट की घटना हुई है। डॉ. खान का दो मंजिला मकान है, जिसमें उनके बुजुर्ग माता-पिता के साथ पत्नी बच्चे सहित सात लोग रहते हैं। पूछताछ में डॉ. खान ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक से डेढ़ बजे के करीब वे अपनी ओला ई-स्कूटर को चार्जिंग में लगाने के बाद सोने के लिए चले गए। डॉ. खान के मुताबिक तड़के उन्हें धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद वे नीचे उतरे, तो देखा घर के मेन दरवाजा से आग की लपटें उठ रही थीं।





लगातार होते रहे धमाके

### सीढ़ी की मदद से घर से बाहर निकले

डॉ. खान के मुताबिक आग की लपटें इतनी ज्यादा थीं कि दरवाजे से बाहर निकलना मुश्किल था। घर के अंदर धुंआ भरने लगा। घर में रहने वाले लोगों के दम घुटने लगे थे। तब तक फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम तथा डॉयल 112 की टीम ने घर में फंसे लोगों को सीढ़ी की मदद से नीचे उतारा और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। आग से झुलसने वालों में डॉक्टर तथा उनकी पत्नी और मां शामिल हैं।

### आग दूसरी मंजिल तक पहुंची

राहत की बात यह रही कि घटना के समय डॉक्टर के परिवार के सदस्य घर की दूसरी मंजिल के कमरे में सो रहे थे। पहली मंजिल में होने पर किसी भी तरह की अनहोनी घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू करने पहुंची, तो आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गई थी। आगजनी की घटना से घर के खिड़की दरवाजे पूरी तरह से जल गए और कमरों में धुंआ भर गया।

पुलिस के अनुसार आग लगने की सूचना मिलने के बाद आधा घंटे के भीतर फायर ब्रिगेड तथा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर पहुंचने में परेशानियों का सामना पड़ा। इसकी वजह डॉक्टर का घर गली के अंदर होना तथा गली के अंदर की सड़कों में वाहनों का पार्क होना है। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंची, तब तक घर के अंदर पार्किंग में खड़े अन्य तीन वाहनों में रह रहकर ब्लास्ट हो रहे थे। इसके कारण फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# आरकेसी से प्रगति कालेज तिराहा मार्ग कहलाएगा रमेश नैयर मार्ग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के राजकुमार कालेज के सामने चौबे कालोनी मार्ग से प्रगति कालेज तिराहा मार्ग अब वरिष्ठ पत्रकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रंथ अकादमी के पूर्व संचालक स्वर्गीय रमेश नैयर की स्मृति में होगा। यह मार्ग अब रमेश नैयर मार्ग कहलाएगा। निगम ने बुधवार को इस नाम की संकेतक वाली पट्टिका लगवा दी है।

■ महापौर के प्रस्ताव पर एमआईसी और सामान्य सभा ने किया था पारित

महापौर एजाज ढेबर के प्रस्ताव पर मेयर इन काउंसिल की बैठक और सामान्य सभा की बैठक में सर्वानुमति से पारित प्रस्ताव पर नगर निगम के संस्कृति विभाग के माध्यम से जोन 7 ने रमेश नैयर मार्ग नाम पट्टिका लगवाई है।

महापौर एजाज ढेबर, संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाश तिवारी ने स्वर्गीय रमेश नैयर द्वारा रायपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य की पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में दिए गए उनके योगदान को स्मरण किया है।

# तेलीबांधा चौक में लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने सर्विस रोड की लंबाई बढ़ाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के व्यस्त चौराहों में से एक तेलीबांधा चौक पर पीकअवर में लगने वाले जाम की स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को ट्रैफिक पुलिस, एनएचएआई तथा नगर निगम के अफसरों ने चौक का निरीक्षण किया। चौक का निरीक्षण करने के दौरान अफसरों ने सर्विस रोड की लंबाई बढ़ाने के साथ पाथवे तथा आईलैंड की चौड़ाई कम करने का निर्णय लिया है। अफसरों के अनुसार सर्विस रोड की लंबाई बढ़ने से लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी।

■ विशाल नगर की सर्विस रोड की लंबाई आर्च ब्रिज तक बढ़ाई जाएगी

गौरतलब है कि तेलीबांधा के मेक इन इंडिया चौक पर पीकअवर में वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं। इसके कारण एक्सीडेंट की घटनाएं आए दिन घटित होती रहती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए एएसपी ट्रैफिक सचिंद्र कुमार चौबे, ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बैनर्जी सहित नगर निगम तथा एनएचएआई के अफसरों ने तेलीबांधा पहुंचकर ट्रैफिक स्मूथ करने विचार किया। ट्रैफिक स्मूथ करने रोड इंजीनियरिंग में बदलाव का निर्णय लिया गया।



### इन जगहों की सर्विस रोड की लंबाई बढ़ेगी

- तेलीबांधा थाना के सामने जंक्शन स्थान पर वीआईपी टर्निंग की ओर से शहर प्रवेश करने वाले मार्ग के आईलैंड की चौड़ाई एवं पाथवे की चौड़ाई को कम किया जाएगा।
- विशाल नगर की ओर से आने वाले सर्विस रोड जो तेलीबांधा थाना तिराहा के सामने समाप्त हो गया है, उसे आगे बढ़ाते हुए रिंग रोड एक आर्च ब्रिज तक सर्विस रोड को बढ़ाया जाएगा।
- मिनोचा पेट्रोल पंप की ओर से आने वाले सर्विस रोड जो तेलीबांधा थाना तिराहा के पास समाप्त हो गया है, उसे अवंति विहार तिराहा तक आगे बढ़ाया जाएगा।

# सफाई कर्मचारियों के लिए तीन मंजिला कालोनी की योजना अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा के नरहरेश्वर तालाब से लगी खाली जमीन पर सफाई कर्मचारियों के लिए पक्का आवास बनाने की योजना अटक गई है। शासन स्तर पर प्रस्ताव की स्वीकृति लंबित होने की वजह से नई कालोनी बसाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। 6 एकड़ जमीन पर 430 पक्के बहुमंजिला आवास बनाने की योजना रही।

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की टिकरापारा स्थित सालों पुरानी जर्जर कालोनी को खाली कराकर नगर निगम ने 430 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 साल पहले सिमरन सिटी मठपुरैना और वालफोर्ट सिटी भाठागांव में बनाए बीएसयूपी आवासीय परिसर में शिफ्ट किया था। ये परिवार सालों से स्वीपर कालोनी में पीढ़ी दर पीढ़ी रहते आए, पर जर्जर कालोनी के छज्जे गिरने और दीवारों में सीपेज आने के कारण प्रभावित परिवारों से स्वीपर कालोनी खाली कराकर उसे जमींदोज कराया गया।

### एमआईसी ने पारित किया था प्रस्ताव

टिकरापारा की स्वीपर कालोनी हटाने के बाद करीब 6 एकड़ खाली जमीन पर नई कालोनी बसाने का प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल की बैठक में पारित किया गया। इसमें प्रभावित परिवारों को दोबारा टिकरापारा की प्रस्तावित नई स्वीपर कालोनी में शिफ्ट करने की प्लानिंग रही, पर शासन स्तर पर प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिलने से इस योजना पर अमल नहीं हो पाया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निकाली गई रैली

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के परिक्षेत्र नगपुरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत समारोह का आयोजन बालिकाओं की रैली निकाल कर किया गया। मुख्य अतिथि नंदलाल सेन अध्यक्ष माटी एवं केश कला बोर्ड छत्तीसगढ़, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू ,जनपद सदस्य सरस्वती सेन ,भाना बाई ठाकुर, अजय वैष्णव, नोहर सिंह साहू, सहायक श्रम आयुक्त श्रद्धा केसरवानी श्रम निरीक्षक महेंद्र पाल थे।

नंदकुमार सेन ने कहा कि सभी क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन होते



रहने से जागरूकता बढ़ रही है, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर ने कहा कि बेटियों के पढ़ कर अपनी जिम्मेदारियों को खुद निभा रही है आर्थिक और सामाजिक रूप से अपनी रक्षा स्वयं कर रही है।

परियोजना अधिकारी उषा झा ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गरिमा,द्वितीय परमेश्वरी,तृतीय यशोदा ड्राइंग में प्रथम खुशबू, द्वितीय रावी, तृतीय राधा मेहंदी लगाओ में प्रथम यशोदा,खुशी,एवं कशिश क्रमशः द्वितीय और तृतीय रहे।

स्कूली बालिकाओं अंजली हिमांशी, खुशबू, सानिया मानसी, इशिका लक्ष्मी मान्या ,द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया विजेता प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरण किया गया,कार्यक्रम का संचालन शशि रैदास एवं आभार प्रदर्शन परियोजना अधिकारी उषा झा ने किया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण की पर्यवेक्षक इंदू मिस्त्र,देवकी साहू,रेखा लोनारे,ममता साहू गीतांजलि, तृप्ति शर्मा , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता देवांगन,पुष्पलता, शारदा मांडले, सरस्वती सिन्हा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रही।

"ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥"
"अंतिम अरदास"



स्व. सरदार सेवा सिंह जी ओबेरॉय
जन्म: 04.04.1932 - स्वर्गवास: 28.01.2024
अत्यंत दुःखित ह्रदय से सूचित करते है की हमारे सम्मानीय मेसर्स सेवा सिंह ओबेरॉय एंड कंपनी के संस्थापक
सरदार सेवा सिंह जी ओबेरॉय
का स्वर्गवास 28 जनवरी 2024 को हो गया था।
उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग, कीर्तन एवं अंतिम अरदास दिनांक **03 फरवरी, दिन शनिवार** को निम्नानुसार है
पाठ साहिब की समाप्ति सुबह 10 बजे (हमारे निवास स्थान)
कीर्तन एवं अंतिम अरदास दोपहर 12 से 1 बजे (गुरूद्वारा श्री नानाकसर, नेहरू नगर, भिलाई)
उपरांत गुरू का लंगर(शांति भोज)
फर्म
मेसर्स सेवा सिंह ओबेरॉय एंड कंपनी
दुर्ग एवं दल्लीराजहरा परिवार एवं स्टाफ
शोकाकुल
कंवलजीत सिंह ओबेरॉय (पुत्र), प्रितपाल सिंह कोहली (दामाद)
प्रभजीत सिंह ओबेरॉय (पौत्र), हरसिमरन सिंह ओबेरॉय (पौत्र)
वमनदीप सिंह ओबेरॉय (पौत्र), हरवीर सिंह ओबेरॉय (प्रपौत्र)
निवास:- -MIG C325 पद्मनाभपुर दुर्ग (छ.ग.), 95220 22727, 94252 41213, 97550 24121
Deepak Advertisers

खबर संक्षेप



## ध्वनि प्रदूषण के प्रति लोगों को किया जागरूक

**रायपुर।** क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल की ओर से ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरुकता लाने राजधानी के विभिन्न जगहों पर पंपलेट बांटे गए और लोगों को इसके प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम आकाशवाणी, व्हाइट हाउस नगर निगम, मरीन ड्राइव, बीपीओ ऑफिस कलेक्ट्रेट में किया गया। लोगों को शपथ दिलाई गई कि निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही ध्वनि का उपयोग करें। जब सब लोग समाज को ध्वनि प्रदूषण से मुक्त रखने का प्रयास करेंगे तो समाज सुंदर और स्वस्थ होगा। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग से सुजाता शुक्ला, डॉ. सोनल शर्मा, डॉ. आशिमा शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता में छग बना चैंपियन



**रायपुर।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के तहत बालक-बालिका 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बेसबॉल मैच में छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में जीत हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में दिल्ली को हराकर यह उपलब्धि हासिल की है। प्रतियोगिता में बालक, बालिका 14 एवं 19 आयु वर्ग में दिल्ली की टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार बालक 19 वर्ष में महाराष्ट्र तीसरे, मध्यप्रदेश चतुर्थ, बालिका 19 वर्ष आयु में महाराष्ट्र तीसरा, चंडीगढ़ चतुर्थ, बालक 14 वर्ष में सीबीएसई तीसरा, महाराष्ट्र चतुर्थ और बालिका 14 वर्ष में चंडीगढ़ तीसरा व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रहा।

## केंद्रीय जेल में देशभक्ति गीत और भजन की प्रस्तुति



**रायपुर।** गणतंत्र दिवस एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में केंद्रीय जेल में बंदियों ने देशभक्ति गीत और राम भजन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान की ओर से विगत दिनों आयोजित किया गया। बंदी भाइयों ने गीत और भजन की प्रस्तुति देकर सबको मत्रमुंध कर दिया। कार्यक्रम डीआईजी एसएस तिग्गा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने कहा कि अपने अच्छे कार्यों से जल्द से जल्द रिहा होकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाए। कार्यक्रम में एसके धर, पार्थो सरकार, उर्मिला देवी, डॉ. गोपाल शर्मा सहित संस्था के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने किया।

## स्पर्धा में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** 5वीं गोल्ड कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रायपुर की टीम कोच कैलाश सिका, मनीष साहू, पूनम के नेतृत्व में शामिल हुई। इसमें गोल्ड मेडल निखिल साहू, हर्षिका साहू, भाग्यश्री साहू, श्रेया, समीर कुमार ने जीता। सिल्वर मेडल प्रज्वल पाल, कुणाल वर्मा, नीतेश सिका, ओम शर्मा, ट्वींकल यादव, प्रिया ध्रुव ने अपने नाम किया। कांस्य पदक मधुरिमा निषाद, रूचिका केवट, जयंत साहू, अर्घदीप घोष, आयुष पराये, अनिल विश्वकर्मा, करण सिका, अगम्यजोत सिंह ने जीता। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव प्रकाश भारती ने बताया कि स्पर्धा में आकृति शर्मा, साक्षी साहू, रितिका साहू, इशु साहू, नव्या परगनिहा, निधि परगनिहा, अरिहंत परगनिहा, मनोज सारंग, पवन पांडेय, मंथन दहाले, सोम सिंह, सुहाना देवांगन, आयुष बहाबल का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

# पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराएं निर्माण कार्य : रणबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने रेस्ट हाउस के सभाकक्ष में ज़िला स्तरीय विभागीय गतिविधियों एवं विभिन्न निर्माण विभागों के निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप निर्माण काम पूरी जिम्मेदारी व टीम भावना के साथ करने कहा, ताकि जल्द निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता और बेहतर तरीक़े पूर्ण करें। ज़िले में किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर कोई समझौता ना करें। समय-समय पर इनकी मानिटरिंग भी करें।उन्होंने निर्माण संबंधी आ रही दिक़्क़त और समस्याओं से अवगत कराने कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्य को सरलीकरण करते हुए निबटाये, ताकि जल्द निर्माण कार्य का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर दिखे।

कलेक्टर ने सभी निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण निर्मल सिंह, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण जल संसाधन सी.एस.शिवहरे, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,संतोष कुमार साहू,छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन के ज़िला अधिकारी,डीपीएम लता बंजारे अन्य निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



**निर्माण कार्यों की ली जानकारी :** कलेक्टर ने जिले के सड़को की निर्माण स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य एवं मार्ग, सहित अन्य सभी मार्गो के निर्माण कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्माण किये जा रहे शासकीय भवन, स्कूल भवन, इंडोर स्टेडियम, सहित अन्य कार्यो की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्य में गंभीरता से तेजी लाने एवं समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों पर करें कार्रवाई

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अप्रारम्भ एवं निविदा स्तर के कार्यों में भी शीघ्रता से कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ कराने के लिए कहा। इसी प्रकार कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रगतिशील निर्माण कार्यो की समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के प्रगतिशील कार्य एवं लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यो में लापरवाही बरतने व अपेक्षाकृत कम प्रगति वाली एजेंसियों पर सख्ती से कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने निर्माण कार्यो के गुणवत्ता पर किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।

### जिला मुख्यालय में अग्निवीर भर्ती के लिए हुआ एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम

# अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं को किया प्रेरित, प्रक्रिया की दी गई पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय बेमेतरा के पंडित जवाहर लाल नेहरू कला महाविद्यालय और समाधान कॉलेज में जिले के युवाओं को भारतीय थल एवं वायु सेना में अग्निवीर भर्ती संबंधित सेवाओं के संबंध जानकारी देने के संबंध में एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम 3 चरणों में आयोजित किया गया। शासकीय पीजी कॉलेज जिसमे पहले चरण पश्चात दूसरे चरण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा के विद्यार्थियों के लिए रखा गया था तथा तीसरा चरण समाधान कॉलेज में रखा गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सब मेजर एसएम सतीश थलसेना व भारतीय वायु सेना भोपाल रीजनल ऑफिस सार्जेंट डी.एस.मराठे कार्पोरल यु संतोष उपस्थित थे ।

एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम में उपस्थित विद्यार्थियों क़ो अग्निवीर भर्ती के तहत थलसेना व वायुसेना में भर्ती की सम्पूर्ण प्रक्रिया क़ो विस्तार से बताया गया और महत्वपूर्ण क्षमताओं, उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण में निभाई जा रही भूमिकाओं को सबके सामने रखा गया और युवाओं को अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता, उम्र सीमा, छूट तथा मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया । ऑनलाइन कार्यक्रम मे अग्निवीर की सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया बताई गई। इस अवसर पर डॉ पीपी चंद्रवंशी प्राचार्य शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा, प्रमोद जैन जिला रोजगार अधिकारी, एनआर निर्मल सहायक नोडल उच्च शिक्षा, घनश्याम बर्मा प्रशिक्षण अधिकारी, अवधेश पटेल प्राचार्य समाधान महाविद्यालय, जितेन्द्र बारले कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना उपस्थित थे ।



### भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती की बताई सम्पूर्ण प्रक्रिया

इसी प्रकार एक दिवसीय ओरिएंटेशन में भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हेतु भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदकों की अर्हता के संबंध मे बताया गया जिसमे अग्निवीर सामान्य ड्यूटी में 10वीं कक्षा 45 प्रतिशत अंकों से (प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक) अग्निवीर टेक्निकल में 12वीं कक्षा (भौतिक रसायन, गणित एवं अंग्रेजी के साथ 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण प्रत्येक विषय 40 प्रतिशत अंकों के साथ, मान्यता प्राप्त संख्या से आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अग्निवीर क्लर्क में 10+2 इंटरमीडिएट परीक्षा किसी भी विषय में 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अग्निवीर ट्रेडमेन में 8वीं/10वीं कक्षा पास (प्रत्येक विषय 33 प्रतिशत) होना आवश्यक है। अग्निवीर सामान्य ड्यूटी महिला में 10वीं मैट्रिक (प्रत्येक विषय 33 प्रतिशत) होना आवश्यक है। आवेदक की आयु सीमा साढ़े 17 से 21 वर्ष होना आवश्यक है।

**अग्निवीर भर्ती वायुसेना के लिए 6 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन :** वायुसेना में भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता से अवगत करते हुये बताया गया की आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 10+2/समकक्ष परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था या बोर्ड से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत (मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ आटोमोबाइल इल्स्ट्रूमेंटेशन इन्फोरमेशन टेक्नालॉजी) अथवा अव्यावसायिक कोर्सों के साथ 2 वर्ष का व्यावसायिक कोर्स भौतिकी या गणित विषयों में 50 प्रतिशत अंको के साथ तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से अथवा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदक की आयु 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच जन्म लिया हुआ होना आवश्यक है। आवेदक की उंचाई पुरुष 152.50 से.मी एवं महिला आवेदक 147 से.मी. होना आवश्यक है।

# सेक्टर ऑफिसर सजगता से करें दायित्यों का निर्वहन करें : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मद्देनजर गुरुवार को सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर का प्रशिक्षण हुआ। ज़िला पंचायत सभागार में हुए प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अभी हाल के कुछ माह पहले आप सभी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन सफलता पूर्वक संपादित किए हैं। इसी तरह लोकसभा निर्वाचन को भी स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना है। साथ ही सेक्टर ऑफिसर को सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं, क्रिटिकल मतदान केंद्रों के गठन के पैरामीटर, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम और वीवीपेट की समुचित जानकारी सहित निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूरी जानकारी होनी आवश्यक है।

प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत ,अपर कलेक्टर द्वय डॉ.अनिल बाजपेयी,सी.एल मार्कण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बांधे, ज़िले के सभी एसडीएम सुश्री सुरुचि सिंह, बेमेतरा, विश्वास रव मास्के, युगल किशोर उर्वशा बेरला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि मतदान केन्द्र की संपूर्ण जवाबदारी आप सभी की है। प्रशिक्षण के दौरान बतायी जा रही छोटी से छोटी जानकारी को आप सभी गंभीरता से समझे और किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो पुनः पूछे, ताकि निर्वाचन संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें, जिससे चुनाव के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो।सीईओ श्रीमती मंडावी और डॉ. बाजपेयी ने निर्वाचन संबंधी व्यावहारिक बारीकियाँ बतायी। ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसरों को लोकसभा की निर्वाचन प्रक्रिया, महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर अधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। इस दौरान सेक्टर ऑफिसर और पुलिस सेक्टर ऑफ़िसर्स ने ट्रेनर के माध्यम से ईवीएम ब वीवीपैट मशीन की प्रक्रिया को बारीकी से समझा।

# विकसित भारत की नींव मजबूत करने वाला है बजट : देवलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



■ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने की केंद्रीय बजट को बताया

केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि आज का बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट है। बजट में भारत के सर्वांगीण विकास के प्रावधान देखने को मिल रहा है।

श्री ठाकुर ने कहा कि देश का पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत और बढ़ा दिया गया है अब यह 11 लाख करोड़ होगा। पूंजीगत व्यय से देश में एक तरफ आधारभूत संरचना मजबूत होगी वहीं निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेगी और वहीं बड़ी मात्रा में रोजगार का सृजन होगा और विकसित भारत के सपने के साकार करने भारत तेज गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हमेशा राज्यों को बड़ी मदद दी है। इस बार भी बजट में राज्यों के लिए 75 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया गया है, जो स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि रिसर्च के कार्य के लिए भी 1 लाख करोड़ का प्रावधान स्वागत योग्य है। एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त सोलर बिजली, ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर, भारतीय रेलवे को सुविधा युक्त बना जैसी कई योजनाएं देश के हित में हैं। अब हमारी एक करोड़ और बहनें लखपति दीदी बनेंगी। कुल मिलाकर यह बजट विकसित भारत की नींव मजबूत करने की गारंटी है।

# चिंगरी स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला चिंगरी (भाठापारा) में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य तथा नाटक के माध्यम से सोशल मीडिया हमारे लिए वरदान है या अभिशाप विषय से संबंधित पर बहुत अच्छी प्रस्तुति देकर लोगों को जागृत किया। जिसका संचालन सोमिका यदु एवं रश्मि साहू मैडम ने किया तथा मंच संचालन सरोज खुटियारे मैडम एवं महेंद्र कुमार यदु ने किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष व सफाई कर्मचारी का शॉल व श्रीफल के साथ सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच पुष्पा देशमुख जिन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक भोजराम देशमुख ने किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनको विशेष पुरस्कार दिया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेमलता खुटेल, शासकीय प्राथमिक शाला चिंगरी के प्रधान पाठक मेघराज देशमुख, शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कन्हारपुरी में धूमधाम से मना हरदानी पर्व

**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी में देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर गांव में हरदानी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हरदानी पर्व के लिए गुरुवार को गांव में कामकाज पूरी तरह से बंद रखा गया था। ताकि इस पर्व में ग्रामीण भी शामिल हो सके। गांव के भाटापारा, आबादी पारा, गौरा चौक, गलीपारा सहित सभी प्रमुख गली मोहल्लों में देवी देवता के प्रतीक डांग डोरी को भी गाजे बाजे के साथ भ्रमण कराया गया। जहां ग्रामीणों ने थाल में आरती सजाकर पूजा अर्चना कर घर, परिवार व गांव में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए कामना की। यह पर्व गांव में मड़ई मेले के दूसरे दिन मनाया जाता है। इस दौरान हरदानी का पर्व देखने के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए एवं काफी उत्साह देखने को मिला।



## कन्या महाविद्यालय में हुआ अग्निवीर ओरिएंटेशन कार्यक्रम



**बेमेतरा।** भारतीय थल सेना एवं वायुसेना में अग्निवीर सेवाओं संबधी जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में 1 फरवरी को आयोजित किया गया। इसके माध्यम से समस्त छात्राओं को देश के प्रति प्रेम एवं आत्म विश्वास बढ़ाने के लिए सेना में जाने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्या डॉक्टर विनीता गौतम एवं समस्त सहायक प्राध्यापकों ने प्रेरित किया। प्राचार्या डॉक्टर विनीता गौतम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्राओं को सेना में भर्ती के लिए मार्गदर्शन देने के साथ ही प्रेरित किया।

## भाजपा किसान मोर्चा ने सीएम साय का जताया आभार

**अंडा।** किसान हित में एक और फैसला दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है। धान खरीदी चार दिन अतिरिक्त और बढ़ने पर किसान अपना एक-एक दाना बेच सकेंगे। दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और सोसाइटियों में जाकर किसानों से मुलाकात कर आश्वस्त किया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों का एक-एक दाना धान खरीद कर उचित मूल्य देगी। उन्होंने कहा कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी फिर से प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के किसानों का बहुत बड़ा योगदान रहेगा।

### बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के परिक्षेत्र नगपुरा में निकाली गई रैली

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के परिक्षेत्र नगपुरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान बालिकाओं ने रैली निकाली। मुख्य अतिथि नंदलाल सेन अध्यक्ष माटी एवं केश कला बोर्ड छत्तीसगढ़, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू ,जनपद सदस्य सरस्वती सेन ,भाना बाई ठाकुर, अजय वैष्णव, नोहर सिंह साहू, सहायक श्रम आयुक्त श्रद्धा केसरवानी श्रम निरीक्षक महेंद्र पाल थे। नंदकुमार सेन ने कहा कि सभी क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन होते रहने से जागरूकता बढ़ रही है। जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर ने कहा कि बेटियां आजकल पढ़ कर अपनी जिम्मेदारियों को खुद निभा रही हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से अपनी रक्षा स्वयं कर रही हैं। परियोजना अधिकारी उषा झा ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गरिमा,द्वितीय परमेश्वरी,तृतीय यशोदा ड्राइंग में प्रथम खुशबू, द्वितीय रावी, तृतीय राधा मेहंदी लगाओ में प्रथम यशोदा,खुशी,एवं कशिश क्रमशः द्वितीय और तृतीय रहे स्कूली बालिकाओं अंजली हिमांशी,खुशबू,सानिया मानसी,इशिका लक्ष्मी मान्या ,द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया विजेता प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरण किया गया,कार्यक्रम का संचालन शशि रैदास एवं आभार प्रदर्शन परियोजना अधिकारी उषा झा ने किया।

कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण की पर्यवेक्षक इंदू मिस्त्र,देवकी साहू,रेखा लोनारे,ममता साहू गीतांजलि, तृप्ति शर्मा , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता देवांगन,पुष्पलता, शारदा मांडले, सरस्वती सिन्हा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रही।

